

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 0 7 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 02 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## लोनिवि ने फिर दिये नोटिस

बंडोल यशोः- बंडोल नेशनल हाईवे के किनारे दशकों से व्यापार करने वाले व्यापारियों को लोकनिर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किये गये है। यहाँ यह बतादें कि पिछले वर्ष भी इसी प्रकार के नोटिस जारी किये गये थे जिस पर ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर यह स्पष्ट कर दिया था जिस भूमि पर व्यापारियों द्वारा व्यापार किया जा रहा है उस क्षेत्र में यातायात का ऐसा कोई दबाव नहीं है जिससे यातायात प्रभावित होता हो। व्यापारियों ने उग्र आंदोलन का रूख अपना लिया था और बात आत्मदाह तक की धमकी तक पहुँच गयी थी जिस पर लोनिवि ने समझौतावादी रूख अपनाया था और मामला शांत हो गया था।

## मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निवार्चन 2023 के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं स्वीप प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां संचालित हैं।

स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा विविध गतिविधियां अंतर्गत रांगोली, मेंहदी, नारे लेखन, निबंध लेखन, बाद-विबाद प्रतियोगिता सहित रेली निकालकर मतदाताओं को मतदाताओं को आगामी होने वाले निर्वाचन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया किया जा रहा है। साथ ही जागरूकता वाहन तथा ईव्हीएम वोटिंग मशीन का प्रदर्शन कर मास्टर ट्रेनर द्वारा आमजानों को मशीन की कार्यप्रणाली एवं मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण बैठक आज

सिवनी यशोः- नगर के प्राईवेट बस स्टैंड के पीछे जेल विभाग की भूमि पर नवीन बस टर्मिनल बनाया जा रहा है, नगर के जागरूक नागरिक व युवाओं की मांग है कि इस स्टेन्ड को नवीन स्थान पर बनाया जाय ताकि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। इस मुद्दे को लेकर आज शनिवार 2 सितंबर को बैठक का आयोजन मोती महल लान डूंडासिवनी में किया गया है दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में नगर के सभी व्यापारी संगठन, राजनीतक दल, सामाजिक व धार्मिक संगठनों व नगर के जागरूक नागरिको से उपस्थित होकर अपने विचार व मार्गदर्शन देने के लिये शामिल होने का अनुरोध किया गया है बताया गया की बैठक में आये विचारों व सुझाव के आधार पर एक राय बनाकर इस मामले पर आम नागरिक जिला कले टर सिवनी को ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### जबरन नॉलेज




# जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी की रामकथा 09 सितंबर से



स्थान होगा पॉलीटेक्निक ग्राउंड सिवनी

सिवनी यशोः- सनातन धर्मियों के श्रद्धा और अस्था के केन्द्र तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा सिवनी जिला मु यालय की धरा से रामनामी पवित्र कथा का प्रवाह किया जायेगा। मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर तक जिले के पॉलीटैर्नि नक ग्राउंड में संपन्न होने वाली है। इस दिव्य रामकथा के आयोजन में बड़ी सं या में श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभवनाओं को देखते हुये राम कथा के आयोजक सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएँ की जा रही है।

### व्यापक प्रभावकारी होगी कथा

धार्मिक और आध्यात्मिक विचारधारा के प्रमुख, श्री चित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज, द्वारा सिवनी जिलेवासियों को राम कथा के साथ साथ अपने उपदेशों द्वारा जीवन को ईश्वर अनुरागी बनाने वाला सफल आयोजन सिद्ध होगा। दिव्य महात्मा की अमृत वाणी का जादू कथा श्रवण करने वाले श्रोताओं पर व्यापक प्रभावकारी होता है यह परम श्रद्धेय स्वामी रामभद्राचार्य जी की साधना का प्रताप है।

### जिले के लिये सौभाग्य का विषय

जिला मु यालय में इस तरह का भव्यतम आयोजन धर्मप्रेमियों सनातनियों के लिये सौभग्य का विषय तो है ही यह आयोजन देश की राष्ट्रीय पहचान भगवान राम की जन्मभूमि विवाद को सुलझाने वाले दिव्य महात्मा के दर्शन कराने वाला ऐतिहासिक क्षण है। इन्हीं परम श्रद्धेय स्वामी जी की गवाही को सवोच्चय न्यायालय ने अहम माना और उसी के आधार पर निर्णय दिया था जिसके कारण आयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है और सैकड़ो वर्षो से चल रहा विवाद समाप्त हुआ।

### भगवान राम का भव्य मंदिर में जद्गुरू के चमत्कारी तथ्य

वेद-पुराणों के उद्धरणों के साथ उनकी गवाही का कोर्ट भी कायल हो गया था। श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में वे वादी के तौर पर उपस्थित हुए थे। ऋग्वेद की जैमिनीय संहिता से उन्होंने उद्धरण दिया था। इसमें सरयू नदी के स्थान विशेष दिशा और दूरी का बिल्कुल सटीक ब्योरा देते हुए रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई थी।

कोर्ट में इसके बाद जैमिनीय संहिता मंगाई गई। उसमें जगद्गुरु ने जिन उद्धरणों का जिक्र किया था, उसे खोलकर देखा गया। सभी विवरण सही पाए गए। पाया गया कि जिस स्थान पर श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई गई, विवादित स्थल ठीक उसी स्थान पर पाया गया।

### वेद पुराण उपनिषद कंठस्थ 22 भाषाओं पर अधिकार

कोर्ट के लिये यह बात भी आश्चर्य कारक थी जन्मांध व्यक्ति वेद पुराणों, संहिता, से जिस तरह से प्रमाणिक जानकारी दे रहा है यह किसी ईश्वरी शक्ति के बिना संभव नहीं है। रामजन्म भूमि विवाद को समाप्त कराने वाला यह दिव्य महात्मा वेद, पुराण, उपनिषद श्रुती स्मृतियों को कंठस्थ धारा प्रवाह बोलते है और लगभग 22 भाषाओं का ज्ञान है। यह ईश्वरीय चमत्कार ही है।

पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी श्री रामानंदी संप्रदाय के जगद्गुरु हैं। स्वामी रामभद्राचार्य प्र यात आध्यात्मिक मार्गदर्शक और जगतगुरु रामानंदाचार्य हैं। स्वामी जी प्राचीन शास्त्रों और दर्शन के प्रकांड विद्वान हैं। उन्होंने कई दशकों के अपने समर्पित अध्ययन से और लगातार अ यास के जरिये सनातन संस्कृति और भगवान राम की समृद्ध धरोहर में गहरी अंतरदृष्टि प्राप्त की है। आप बाघेश्वर धाम के वि यात पुजारी पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के गुरू भी है जिनकी याति और यश का यशोगान पूरी दुनिया में हो रहा है।

## परम्परागत मिट्टी से ही करें मूर्ति निर्माण

### प्राकृतिक जल स्त्रोंतो में न करें मूर्तियों का विसर्जन



सिवनी यशोः- मु य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार दण्ड प्रक्रिया संहित 1973 की धारा-144 के अंतर्गत पर परागत मिट्टी से ही मूर्ति का निर्माण करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार पर परागत मिट्टी को छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी एवं अन्य रासायनिक पदार्थों से बनाई जाने वाली गणेश/दुर्गा प्रतिमाओं के उत्पादन तथा विक्रय एवं बाहर ले जोन या बाहर से लाने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

साथ ही नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा आमजनों से गणेशजी/दुर्गाजी की मूर्तियों का विसर्जन प्राकृतिक जल स्त्रोंतो में न करने की अपील करते हुए, निकाय द्वारा तैयार किए गए मूर्ति विसर्जन कुण्ड/स्थल में ही मूर्ति विसर्जन करने की बात कही है।

## सिवनी में स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता को लूटने की तैयारी में बिजली विभाग

सिवनी यशोः- विद्युत विभाग की कर प्रणाली से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है प्रदेश के मु यमंत्री घोषणा कर रहे हैं की 1 किलोवाट वाले मीटरों का बिजली बिल जीरो कर दिया जाएगा वही कुछ माह पूर्व बिजली विभाग ने अपने द तर में बैठकर 1 किलोवाट से बढ़कर 2 किलोवाट लोड कर दिया है एक और जहां बढे हुए बिजली बिलों से आम उपभोक्ता परेशान है वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटने की तैयारी में है जिसका सिवनी जिले में सर्वे भी हो चुका हैं और बहुत जल्द स्मार्ट मीटर सिवनी में लगने के आदेश हो चुके हैं जिससे आम जनता तो प्रभावित होगी साथ ही आउटसोर्स में लगे मीटर वाचक के सामने भी रोजी.रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी ऐसी स्थिति में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ अपनी आपत्ति दर्ज कराएगा जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद नाग ने बताया की लगभग 7 000 हजार रुपए का एक स्मार्ट मीटर है बिजली गुल होने पर भी रीडिंग देता है जिसका वीडियो भी उपलब्ध है जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद नाग ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है की बिजली विभाग की खुली लूट से बच्चे एवं अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करें अगर जबरन मीटर लगाए जाते हैं तो कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ को सूचित करें

## बाल संरक्षण सुरक्षा नियमों पर कार्यशाला संपन्न

छपारा यशोः- दिनांक 01 सितंबर शुक्रवार को शासकीय एवं जिला बाल संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र छपारा में जिला शिक्षा



केन्द्र सिवनी से पधारे एपीसी शरद तिवारी एवं महिला बाल विकास छपारा से श्रीमती चंचला पटवा तथा श्रीमती हेमलता प्रजापति से टर सुपरवाइजर की उपस्थिति में बाल संरक्षण अंतर्गत सूरक्षा, सुरक्षा नियमों के प्रचार प्रसार हेतु समस्त शालेय शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं पालकों बच्चों में जागरूकता हेतु सामान्य जानकारी व वैधानिक नियमों की विस्तृत जानकारियों के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विकासखंड के समस्त जनशिक्षक और कार्यालय से प्रभारी बीआरसीसी राकेश तिवारी, रविशंकर ठाकुर, मंजूलाल इनवाती एवं अन्य सभी कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस तारत य में आगामी क्रम में सोमवार से बुधवार तक जनशिक्षकों द्वारा प्रत्येक शालाओं के संस्था प्रमुख एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाकर कार्यक्रम के क्रियान्वयन को गति एवं निरतरता प्रदान की जाने हेतु जिला स्तरीय एवं प्रादेशिक बाल संरक्षण आयोग सदस्यों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण अव।लोकन भी किया जाना है।

## प्राईवेट चिकित्सक संघ के अध्यक्ष बने डॉ. संतोष ठाकुर

छपारा यशोः - विगत दिनो स्थानीय विश्राम गृह प्रांगण में नगर सहित आसपास के प्राईवेट चिकित्सको की गरिमामयी उपस्थिति में प्राईवेट चिकित्सक संघ का गठन किया गया है। जिसमें छपारा नगर के सीनियर चिकित्सक डॉ. संतोष ठाकुर को सर्वस मति से अध्यक्ष बनाया गया है कार्यकारणी का गठन अगामी समय में होने वाली बैठक में किया जावेगा अध्यक्ष बनने के बाद सभी चिकित्सको ने डॉ. संतोष ठाकुर को बधाई दी डॉ. संतोष ने बताया कि हम सभी चिकित्सक मिलकर एक हो योपैथी का धरमार्थ औषधालय खोलकर निःशुल्क चिकित्सा सेंवा जन जन तक उपलब्ध करायेगें ताकि गरीब मजदूर छोटे तबके के लोगो को इसका लाभ मिल सकेगा।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रथम उर्वरक रैक आगमन कार्यक्रम मे सहभागिता किया



सिवनी यशोः- शुक्रवार 01 सितंबर को सिवनी मु यालय के रैंक पांइट पर प्रथम उर्वरक रैंक का आगमन हुआ जिसकी अगवानी करने और प्रसन्नता का संदेश देने आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉं ढालसिंह बिसेन, विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने उर्वरक रैक के आगमन कार्यक्रम में अतिथि के रुप सहभागिता की। जिला खाद बीज कीटनाशक संघ सिवनी द्वारा जिला मु यालय सिवनी के बरघाट रोड स्थित रैक पाइंट पर जिले मे प्रथम उर्वरक रैक के आगमन आयोजित कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने अतिथि के रुप मे सहभागिता कर सांसद डा. ढालसिंह बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के साथ पूजन व फीता काट कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित समस्त अतिथियों ने मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन व माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात संघ के पदाधिकारियों ने श्री राय का शाल, श्रीफल भेंटकर पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने उद्बोधन मे समस्त खाद बीज कीटनाशक संघ के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं दिया। जिले मे प्रथम उर्वरक रैक के आगमन पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर सर्वश्री नरेश दिवाकर जी पूर्व विधायक, राजेश त्रिवेदी जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, घनश्याम बघेल जी विधायक प्रतिनिधि, संकेत विक्की शिवहरे जी विधायक प्रतिनिधि, आशीष अग्रवाल जी, रंजीत राय, नरेश गिरी गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि, बसंत अग्रवाल, सुनील केसरवानी, बलराम राय , प्रीतम चंद्रवंशी, मोरिश्निनाथ डीडीए, एमके सिंह सहित जिला खाद बीज कीटनाशक संघ सिवनी के पदाधिकारियों, सदस्यों व आमजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## तेज आवाज करने वाली 4 बुलेट से निकले गये साइलेंसर, की गयी चालानी कार्यवाही

सिवनी यशोः- इन दिनों युवा की पसंदीदा मोटन सायकल बुलेट होते जा रही है और युवा बुलेट को बड़े ही स्टाईल के साथ चलाने के साथ इसके साइलेंसर में तेज फटाके जैसी आवाज निकाल कर दहशत का वातावरण बनाते है। इस प्रकार के वाहनों पर सिवनी पुलिस को लगातार शिकायते मिल रही थी जिसपर कोतवाली पुलिस चैकिंग अभियान चलाकर कुछ युवको की बुलेट और बाईक रोककर उनके हॉर्न व साइलेंसर की आवाज चैक की। जहां तेज व कर्कश आवाज करने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया गया।

जानकारी के अनुसार शाम के समय थाना कोतवाली अंतर्गत नगर पालिका



सिवनी चौक पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश उइके की ओर से वाहन चैकिंग कराई गई।

शहर में तेज व कर्कश आवाज करने वाले चार बुलेट वाहनों पर 4500/- रुपए की चालानी कार्यवाही की गई और सायलेंसरों को निकलवाया। साथ ही वाहन चालकों को समझाइश दी गई, कि ऐसा काम न करें जिससे दूसरों की परेशानी न हो और यातयात के नियमों का पालन करें।

वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए, ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। साथ ही अन्य बाइक चालकों को यातायात के नियमों के अनुसार वाहन चलाने की समझाइश दी। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली के सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, यातायात थाने के उनि गौरव धुर्वे, सउनि शत्रुधन चौरिया, सउनि विपिन सैमुअल चालक राहुल डोंगरे एवं कोतवाली के चीता स्कॉट शामिल रहे।

## भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा जिले में 09 एवं 10 को, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- प्रदेश भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा अपने दो द्विसीय प्रवास के तहत आगामी 9 एवं 10 सितंबर को सिवनी जिले आएगी जो की जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में भ्रमण करने के साथ ही लोगों को भाजपा सरकार के कार्यो एवं योजनाओं से अवगत करायेगी एवं जन जन का आशीर्वाद लेगी। इस जन आशीर्वाद यात्रा का प्रवेश 9 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे बंजारी (धूमा) में आगमन होगा जहां भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारी द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस आशय की जानकारी जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक अजय डागोरिया द्वारा दी गई।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि , इस यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष आलोक दुबे सहित डॉ. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, बरघाट विधानसभा प्रत्याशी कमल मर्सकोले, वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर, सुजीत जैन, श्रीमती मीना बिसेन, श्रीमती गोमती ठाकुर, जिला महामंत्री अजय डागोरिया, गजानन पंचेश्वर,जयदीप सिंह चौहान, प्रदीप राय सहित भाजपा जिला पदाधिकारी एवं जिले के सभी मंडल अध्यक्षों तथा महामंत्रियों सहित वरिष्ठकर्ताओं की उपस्थिति में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि जिन-जिन स्थानों पर यात्रा का आगमन होगा कार्यकर्ता पूरी उत्साह के साथ स्वागत की अभूतपूर्व तैयारी में जुट जायें।

इस जन आशीर्वाद यात्रा के लखनिदोन विधानसभा के प्रभारी



सुभाष यादव, राहुल शिवहरे, एवं आशीष गोल्हानी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यह यात्रा लखनादौन विधानसभा के ग्राम बंजारी (धूमा) से प्रारंभ होगी जो की धूमा, सन्ई डोंगरी, होते हुए 11:30 बजे लखनादौन पहुंचेगी जहां मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा सिहोरा, कहानी, होते हुए दोपहर 1:10 बजे ग्राम थावरी पहुंचेगी।

इस यात्रा के केवलारी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी मुकेश बघेल एवं के के ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई की यह यात्रा दोपहर 1:15 बजे केवलारी विधानसभा के ग्राम नाई पिपरिया आयेगी यहां से दोपहर 1:20 बजे धनोरा पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चाप ग्राम साज पानी, वसूडा पिपरिया मुनगवानी, महुआ टोला, मोहगांव, कोराडी, मझगवां, देवघाट, चिरचिरा, नागा बाबा, मैना पिपरिया, कुचीवाडा, खापा बाजार होते हुए दोपहर 3:40 पर पलारी पहुंचेगी जहां मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा डूंडासिवनी होते हुए दोपहर 4:30 बजे कान्हीवाड़ा पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात यह यात्रा ग्राम ब हनी होते हुए ड्यूटी शाम 4:40 बजे पहुंचेगी।

इस यात्रा के सिवनी विधानसभा के प्रभारी दीपक नगपुरे, राहुल शिवहरे एवं अजय बाबा पांडे द्वारा जानकारी दी गई कि, यह यात्रा शाम 4:45 बजे सिवनी विधानसभा के ग्राम जेवनारा से जोगीवाडा होते हुए शाम 5:30 बजे कलार बांकी पहुंचेगी जहां रथ सभा का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात यह यात्रा भाजीपानी, खमरिया,पौडी, बीसावाडा, कुकलाहा, बंडोल, राहीवाडा, सोना डोंगरी, भोंगाखेड़ा, नगझर, लुधरवाड़ा होते हुए रात्रि 7:20 बजे सिवनी पहुंचेगी जहां रात्री विश्राम होगा। इसके पश्चात यह यात्रा अगले दिन 10 सितंबर को प्रातः10:00 बजे ग्राम लोनिया से प्रारंभ होते हुए ढेंकी, तिघरा, पुसेरा, मुंगवानी कला, मुंगवानी खुर्द, जैतपुर खुर्द, जाम, कनरगांव, हथनापुर, मंडवा, किशनपुर, जैतपुर कला, जमुनिया, करैया, मातृधाम, कारीरात, लखनवाड़ा, ब होडी होते हुए दोपहर 1:00 बजे सिवनी नगर प्रवेश करेगी। यहां मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात यह यात्रा गणेश चौक, बरघाट नाका, डूंडासिवनी, छिड़िया पलारी से दोपहर 3:20 बजे बाईपास रोड पहुंचेगी।

इस यात्रा के बरघाट विधानसभा के प्रभारी श्रीमती गोमती ठाकुर श्याम सिंह कमरे एवं अनिल पाठक द्वारा जानकारी दी गई कि, यह जन आशीर्वाद यात्रा बरघाट विधानसभा के ग्राम मटठा टोला में 3:25 बजे से प्रारंभ होते हुए ग्राम ब होडी, पिंडरई, बोरी, खूंट होते हुए शाम 4:00 बजे बरघाट पहुंचेगी जहां पर मंचीय सभा का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात यह यात्रा ग्राम जेवनारा, धारना एवं शाम 4:40 बजे बेहरई होते हुए बालाघाट जिले के ओर रवाना हो जाएगी।

# रक्षाबंधन के बारे में यह रहे विभिन्न तथ्य

## हिन्दू समाज अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के आधार पर अजेय शक्ति खड़ी करे




वाराणसी. होटल लैंडमार्क महमूरगंज वाराणसी में आयोजितक प्रेस वार्ता में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि शांति और सद्भावना के साथ ब्रजमंडल यात्रा पूरी होगी. आलोक कुमार दो दिवसीय प्रवास पर काशी में हैं. उन्होंने कहा कि जिहादी मानसिकता के कारण हिन्दू समाज के त्योहार और उत्सवों के दौरान लगातार हमले हो रहे हैं. मेवात और नूंह की घटना भी इसी मानसिकता के चलते हुई. हिन्दू समाज के धैर्य और ईश्वर पर विश्वास के कारण उकसाने पर भी हम हथियार नहीं उठाए. हम कानून पर विश्वास करते हैं.

उन्होंने कहा कि मेवात में हुई घटना में सरकारी तंत्र फेल रहा है. 300 व्यक्तियों, पांच पुलिसकर्मियों की सुरक्षा संगठन के लोगों ने मंदिर में घुसकर की. अब अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है, सरकार के प्रयासों की मैं प्रशंसा करता हूं.

उन्होंने कहा कि लगातार हिन्दू समाज को उकसाने का प्रयास किया जा रहा है. लेकिन हम पूरी दुनिया में शांति और सुख की कामना करने वाले लोग हैं. हिन्दू समाज से हम आग्रह करते हैं कि ऐसी घटनाओं का प्रतिकार अपने सांस्कृतिक, धार्मिक संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए. जी-20 को ध्यान में रखते हुए हम अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे.

काशी विश्वनाथ प्रकरण पर माननीय न्यायालय में हिन्दू समाज की जीत होगी. ऐसा अध्ययन और वस्तु स्थिति देखने पर मैं अधिवक्ता होने के नाते कह सकता हूं. काशी विश्वनाथ और मथुरा के प्रकरण माननीय न्यायालय द्वारा तय किए जाएंगे. हमें अपनी न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास है. श्री राम जन्मभूमि आंदोलन की सफलता के बाद काशी और मथुरा में भगवान अपने पूर्व स्वरूप में विराजित होंगे.

विश्व हिन्दू परिषद का लक्ष्य है कि हिन्दू समाज एक सूत्र में बंधा हो, धर्मांतरण और लव जिहाद पर पूर्ण रूप से रोक लगे, हिन्दू धर्म संस्कृति का संवर्धन एवं संरक्षण हो, गौ माता की रक्षा हो. विश्व हिन्दू परिषद अपनी स्थापना के साथ 60 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है. हम सब का प्रयास होगा कि हिन्दू समाज अपनी धार्मिक सांस्कृतिक विरासत के आधार पर अजेय शक्ति खड़ी करे.



रक्षाबंधन सावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है. श्रावण मास में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी भी कहते हैं. बहन अपने भाइयों को यह रक्षा सूत्र बांधती है परंतु ब्राह्मणों,गुरु और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा स मानित संबंधियों को भी बांधी जाती है. कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बांधी जाती है. अब तो प्रकृति संरक्षण हेतु वृक्षों को राखी बांधने की परंपरा भी प्रारंभ हो गई है.

हिंदू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षा सूत्र बांधते समय कर्मकांडी पंडित या आचार्य संस्कृत में श्लोक का उच्चारण करते हैं, जिसमें रक्षाबंधन का संबंध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है. भविष्य पुराण के अनुसार इंद्राणी द्वारा निर्मित रक्षा सूत्र को देवगुरु बृहस्पति इन्द्र के हाथों बांधते हुए नि नलिखित स्वस्ति वाचन का उल्लेख मिलता है-

**येन बद्धो बलिराजा दानवेंद्रो महाबल, तेन त्वाम् प्रति बंधनामी रक्षेत माँ चल माचलः**

इस दिन बहनें अपने भाई के दाहिनी हाँथ में रक्षा सूत्र बांधती है. जब बहन विवाह के बाद पराए घर में चली जाती है तो इस बहाने प्रतिवर्षअपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तो में भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बांधती हैं और इस प्रकार अपने रिश्तो का नवीनीकरण करती हैं.

दो परिवारों का और दो कुलों का पारस्परिक योग होता है. समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एकसूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है. इस प्रकार जो कड़ी टूट गई है उसे फिर से इस पर्व को ध्यान में रखकर जागृत किया जा सकता है. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जन जागरण के लिए भी रक्षाबंधन का सहारा लिया गया श्री रविंद्र नाथ ठाकुर ने बंग-भंग का विरोध करते समय रक्षाबंधन त्योहार को बंगाल निवासियों के पारस्परिक भाईचारे तथा एकता का प्रतीक बना कर इस त्यौहार का राजनीतिक उपयोग प्रारंभ किया था. 1905 में उनकी प्रसिद्ध कविता मातृभूमि बंदना का प्रकाशन हुआ जिसमें लिखते हैं -

**हे प्रभु मेरे देश की धरती नदियां वायु ,फुल सब पावन हों.**
**हे प्रभु मेरे बंगदेश का प्रत्येक भाई बहन की उर अंतस्थल अविछिन्न,अविभक्त एवं एक हो.**

सन 1905 में कर्जन ने बंग-भंग करके वंदे मातरम के आंदोलन से भडकी एक छोटी सी चिंगारी को शोले में बदल दिया था. 16 अे टूबर 1905 का घोषणा के दिन रक्षाबंधन की योजना बनाकर गंगा स्नान करके लोग सड़कों पर यह कहते हुए उतरे-

**सप्त कोटि लोकेर करुण-क्रन्दन सुनेन सुनील कर्जन दुर्जन.**
**ताड़ निते मनेर मतन करील, आमी स्वजने राखी बंधन.**

उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं इस दिन यार्जुवेदीय ब्राह्मणों का विशेष उपक्रम होता है उत्सर्जन, स्नान विधि, ऋषि तर्पण, आदी करके नवीन यज्ञोपवीत धारण किया जाता है. ब्राह्मणों का यह सर्वोपरि पर्व माना जाता है. इस दिन से छ्माह के लिए वेदाध्यान्न की भी परिपाटी है.ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत व राखी देकर दक्षिणा भी लेते हैं.

अमरनाथ की अति वि यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर रक्षाबंधन के दिन संपूर्ण होती है कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है इस उपलक्ष में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है.

महाराष्ट्र राज्य में यह त्यौहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से वि यात है. इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं. इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिए लोग नारियल अर्पित करने की परंपरा भी है. यही कारण है कि इस दिन मुंबई के समुद्र तट नारियल के फलों से भर जाते हैं .

इसी तरह राजस्थान में रामराखी और चुडाराखी या लूबा बांधने का रिवाज है. रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है इसमें लाल डोरे पर एक पीले रंग का फुदना लगा होता है. यह केवल भगवान को ही बांधी जाती है.चुडा राखी भाभियों की चूड़ियों में बांधी जाती है. जोधपुर में राखी के दिन केवल राखी नहीं बांधी जाती बल्कि दोपहर में पद्मसर और मीनकनाडी पर गोबर मिट्टी से शरीर को शुद्ध किया जाता है. इसके बाद धर्म तथा वेदों के प्रवचनकर्ता अरुंधति, गणपति, दुर्गा, गोविंद के पूजा स्थल बनाकर उनकी मंत्रोच्चारण के साथ पूजा करते हैं, उनका तर्पण करते है. धार्मिक अनुष्ठान करने के बाद घर आकर हवन करते हैं, वही रेशमी डोरी से राखी बनाई जाती है राखी को कच्चे दूध से अभिमंत्रित करते हैं पहनते हैं और इसके बाद ही भोजन करने का प्रावधान है.

तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट और उड़ीसा के दक्षिण भारतीय ब्राह्मण इस पर्व को अवनी और अविउत्तम कहते हैं. यज्ञोपवीत धारण ब्राह्मणों के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है इस दिन नदी या समुद्र के तट पर स्नान करने के बाद ऋषियों का तर्पण कर नया यज्ञोपवीत धारण किया जाता है वर्ष के पुराने पापों को पुराने यज्ञोपवीत की भांति त्याग देने और स्वच्छ नवीन यज्ञोपवीत की भांति नया जीवन प्रारंभ करने की प्रतिज्ञा ली जाती है. इस दिन आयुर्वेद में ब्राह्मण छह महीनों के लिए वेद का अध्ययन प्रारंभ करते हैं इस पर्व का नाम उत्क्रमण भी है जिसका अर्थ है -नई शुरुआत.

ब्रज में हरियाली तीज से श्रावणी पूर्णिमा तक समस्त मंदिरों एवं घरों में ठाकुर झूले में विराजमान होते हैं. रक्षाबंधन वाले दिन झूलन दर्शन समाप्त होते हैं. उत्तर भारत में रक्षा बंधन के अवसर पर बहन अपना संपूर्ण प्यार राखी के रूप में अपने भाई की कलाई पर बांध कर उड़ेल देती हैं. भाई इस अवसर पर कुछ उपहार देकर भविष्य में संकट के समय सहायता देने का वचन देता है.

राखी का त्यौहार कब से शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता, लेकिन भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव से देव की हार होती नजर आने लगे भगवान इंद्र घबराकर बृहस्पति के पास गए वहां बैठी इंद्राणी सब सुन रही थी उन्होंने रेशम का धागा मंत्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के कलाइयों पर बांध दिया. संयोग से वह दिन श्रावण पूर्णिमा का दिन था. लोगों को विश्वास है कि इस लड़ाई में इसी धागे की मंत्र शक्ति से विजई हुए थे उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन या धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है. यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है.

स्कंदपुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामन अवतार नामक कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है. कथा कुछ इस प्रकार है दानवेंद्र राजा बलि ने जब सो यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य प्राप्त करने का प्रयत्न किया तो इंद्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की. भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेश धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे. गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी. भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह त्यौहार बलेव नाम से प्रसिद्ध है.

कहते हैं जब बाली पातललोक में चला गया तब बली ने अपने भक्ति के बल से भगवान को रात दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया. भगवान के घर ना लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया, उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उनको रक्षाबंधन बांधकर अपना भाई बनाया और भगवान विष्णु को अपने साथ ले गयी.इसलिए भी यह त्यौहार प्रचलित है.

श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि सावन की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रिब के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिए फिर से प्राप्त किया है. हयग्रिब को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है.

महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि पांडव युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं. तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी उनकी सेना की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधने की सलाह दी थी उनका कहना था कि रक्षा सूत्र के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं. इस समय द्रोपदी धागा बांधने का उल्लेख मिलता है. श्रीकृष्ण और द्रौपदी का एक वृतांत भी मिलता है.

जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई थी द्रोपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उंगली पर पट्टी बांधी थी, यह दिन भी श्रावण पूर्णिमा था, कृष्ण इस उपकार का बदला बाद में जब भरी सभा में द्रोपदी का चीरहरण हो रहा था, उसमें उनके वस्त्र को बढ़ाकर श्रीकृष्ण ने कर्ज चुकाया.कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा, सहयोग की भावना रक्षाबंधन के पर्व यहीं से प्रारंभ हुआ.

## अस्त्र मिसाइल – एलसीए तेजस से विजुअल रेंज के आगे हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल का सफल परीक्षण




हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एलएसपी-7 तेजस ने 23 अगस्त, 2023 को गोवा के तट पर स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. मिसाइल का परीक्षण लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक किया गया. परीक्षण से संबंधित सभी उद्देश्यों को पूरा किया गया और यह एक आदर्श और सटीक लॉन्च था.

परीक्षण की निगरानी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), हिंदुस्तान एयरोनॉटि स लिमिटेड (एचएएल) के परीक्षण निदेशक और वैज्ञानिकों के साथ-साथ सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्दीनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) और वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन (डीजी-ऐ यूए) महानिदेशालय के अधिकारियों ने की.

अस्त्र, एक अत्याधुनिक बीवीआर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जो अत्यधिक कलाबाजी वाले सुपरसोनिक हवाई लक्ष्यों को भेदने और नष्ट करने में सक्षम है. इसे रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल), अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) और अन्य प्रयोगशालाओं द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है. डीआरडीओ का घरेलू तेजस लड़ाकू विमान से स्वदेशी अस्त्र बीवीआर परीक्षण 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस-एलसीए से मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए एडीए, डीआरडीओ, सेमिलैक, डीजी-ऐ यूए और उद्योग को बधाई दी. इस प्रक्षेपण से तेजस की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और आयातित हथियारों पर निर्भरता कम होगी.

## चंद्रयान-3 का मिशन में लैंडर जिस स्थान पर उतरा, उसे 'शिवशक्ति' के नाम से जाना जाएगा

### हर वर्ष, 23 अगस्त का दिन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा



नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रीस से आने के बाद बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) का दौरा किया और चंद्रयान-3 की सफलता पर टीम इसरो को बधाई दी. प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 मिशन में शामिल इसरो के वैज्ञानिकों से मुलाकात की.

वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा अवसर बेहद दुर्लभ होता है, जब शरीर और मन इस तरह की खुशी से भर जाते हैं.उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण सफलता नहीं है. यह उपलब्धि अनंत अंतरिक्ष में भारत की वैज्ञानिक शक्ति की शुरुआत करती है. भारत चंद्रमा पर है, हमारा राष्ट्रीय गौरव चंद्रमा पर है. लैंडिंग का वह क्षण राष्ट्र की चेतना में अमर हो गया है. लैंडिंग का क्षण इस सदी के सबसे प्रेरणादायक क्षणों में से एक है. हर भारतीय ने इसे अपनी जीत के रूप में लिया. हमारे 'मून लैंडर' ने 'अंगद' की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमा लिया है, एक तरफ विक्रम का विश्वास है तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है. पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक भावना, तकनीक और हमारे वैज्ञानिकों का लोहा मान रही है. चंद्रयान-3 की सफलता केवल भारत की नहीं है, बल्कि पूरी मानवता की है.

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि, 'चंद्रयान-3 का मून लैंडर जिस स्थान पर उतरा था, उसे अब 'शिवशक्ति' के नाम से जाना जाएगा. शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है. चंद्रमा का यह ÷शिवशक्ति÷ प्वाइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है.

पवित्र संकल्पों को शक्ति के आशीर्वाद की आवश्यकता है और शक्ति हमारी नारी शक्ति है. चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की सफलता में महिला वैज्ञानिकों ने, देश की नारी शक्ति ने बड़ी भूमिका निभाई है. चंद्रमा का 'शिवशक्ति' प्वाइंट, सदियों तक भारत के वैज्ञानिक और दार्शनिक चिंतन का साक्षी बनेगा. जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिन्ह छोड़े थे, उस स्थान को अब 'तिरंगा' कहा जाएगा. तिरंगा प्वाइंट, भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा और हमें सीख देगा कि कोई भी विफलता आखिरी नहीं होती. अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सफलता मिलकर ही रहती है.

उन्होंने कहा, मंगलयान और चंद्रयान की सफलताओं और गगनयान की तैयारी ने देश की युवा पीढ़ी को एक नया दृष्टिकोण दिया है. आज भारत के बच्चों के बीच चंद्रयान का नाम गूंज रहा है. हर बच्चा वैज्ञानिकों में अपना भविष्य देख रहा है.

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि 23 अगस्त, चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सॉ ट लैंडिंग के दिन को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विज्ञान, तकनीक और नवाचार की स्पिरिट को सेलिब्रेट करेगा और हमें हमेशा-हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा.

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी भारत के प्राचीन ग्रंथों में खगोलीय सूत्रों को वैज्ञानिक रूप से साबित करने के लिए और उनका नए सिरे से अध्ययन करने के लिए आगे आए. यह हमारी विरासत के लिए भी महत्वपूर्ण है और विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है. भारत के पास विज्ञान के ज्ञान का जो खजाना है, वो गुलामी के लंबे कालखंड में दब गया है, छिप गया है. आजादी के इस अमृत काल में हमें इस खजाने को भी खंगालना है, उस पर रिसर्च भी करनी है और दुनिया को इसके बारे में बताना भी है.प्रधानमंत्री ने छात्रों से 1 सितंबर से MyGov द्वारा चंद्रयान मिशन पर आयोजित एक विशाल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने का भी आग्रह किया.

## युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाने का कार्य कर रहा है स्वाबलंबी भारत अभियान

**स्वावल बी भारत अभियान के तहत 'MySBA' प्रोड ट का लोकार्पण**



भोपाल। स्वावल बी भारत अभियान के तहत युवाओं को नौकरी और व्यावसायिक उद्यमिता के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 'MySBA' प्रोडे ट का लोकार्पण किया गया है। बैठक में इ पलोई के चयन में आने वाली समस्या के बारे में सवाल-जवाब हुए। इस दौरान मु य अतिथि हार्दिक सोमानी ने बताया कि 'स्वसक्क' के माध्यम से भारतीय युवाओं को उनके कौशल क्षमताओं का सही तरीके से उपयोग करके रोजगार और स्वयं रोजगार के क्षेत्र में नौकरी दिलाने में सहायता करेगा। इस अभियान के द्वारा स्वावलंबन के माध्यम से युवाओं को नौकरी खोजने, तकनीकी अपग्रेड, व्यवसायिक आइडियाज़, डीपीआर और लोन दिलाने तक की सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह अभियान देश के विकास में युवाओं के सकारात्मक योगदान को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वतंत्रता और स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। AI टे नोलॉजी के साथ-साथ वाट्सएप का भी उपयोग करके विद्यार्थियों को नौकरी के आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया है। यह प्रोडे ट 24×7 काम करने की क्षमता रखता है और विद्यार्थियों को उनकी कौशलों का सही तरीके से उपयोग करके नौकरी के अवसरों की खोज में मदद करता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी वाट्सएप के जरिए आसानी से नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आयोजित बैठक में इंदौर और भोपाल के प्रमुख उद्योग चलाने वाले संस्थानों के अधिकारियों ने भी सहभागिता की और विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। इ प्लोयी के चयन प्रक्रिया में आने वाली समस्या को उठाया और इसके समाधान के लिए सवाल पूछा 'स्वसक्क' को मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) के डायरे टर, श्री अनिल कोठरी ने भी महत्वपूर्ण योगदान के रूप में देखा और इसे भारतीय युवाओं के लिए एक टर्निंग पॉइंट बताया। इसके साथ ही कोठार जी ने बताया स्वदेशी जागरण मंच ने देश में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए ÷स्ववलंबी भारत अभियान÷ इस अभियान के तहत, युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने की दिशा में कार्य कर रहा है।

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र कैलास मानकर ने भी 'MySBA' के प्रोडे ट की प्रशंसा की और उमीद दिलाई कि युवाओं को इससे अच्छा फायदा होगा। साथ उन्होंने कहा हम इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों के स्वरोज़गार और रोज़गार के अवसर प्राप्त हो इसके लिए हर प्रयास करेंगे। स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत अभियान के मध्य क्षेत्र के (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ ) के क्षेत्रीय संगठक समन्वयक केशव दुबोलिया ने अभियान के से जुड़ने और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। बैठक के अंत में माध्यप्रदेश MySBA के ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## मुस्लिम शिक्षक ने विद्यार्थी का कड़ा उतरवारकर की मारपीट

### विद्यालय में तिलक लगाने को लेकर भी शिक्षक कर चुके हैं रोकटोक



भोपाल। मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर में एक मुस्लिम शिक्षक के द्वारा 11वीं के छात्र के हाथ से धार्मिक स्थान से जुडा कड़ा उतरवाने और बीच कक्षा में मारपीट करने का मामला सामने आया है। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित छात्र और उसके पिता के साथ पहुंचकर पूरे मामले का संज्ञान लिया है। इसके बाद कुछ और बातें भी सामने निकल कर आई है स्कूल में तिलक लगाने और हाथ में कड़ा पहनने को लेकर कई बार इस तरह की रोकटोक की गई है।

इस मामले में आईबीसी 24 की टीम ने जब पीड़ित बच्चे से बात की तो उसने बताया कि वह हाथ में कड़ा पहना हुआ था जो वह धार्मिक पस्थान से पूजन इत्यादि करके लाया था, तभी उक्त शिक्षक ने आकर कड़ा उतारने के लिए कहा जब कारण नहीं उतरा तो शिक्षक थे। जबरन उसे उसके हाथ से कड़ा उतारा और कहा कि मैं ऐसे नाली में फेंकूंगा जबकि बच्चों ने बार-बार कहा कि यह मेरी पूजा पाठ का है आप इसे मत उतारिए। बहस बढ़ाने के बाद उक्त शिक्षक ने एक अन्य शिक्षक के साथ मिलकर उक्त छात्र भारी कक्षा में बुरी तरीके से पीटा। जब उसके पिता को इस बात का पता चला तब जाकर वह स्कूल पहुंचा और उसने अपने बच्चे को छुड़वाया।

अब मामले में तूल पकड़ता देख स्कूल प्रबंधन भी लीपा पोती की कोशिश कर रहा है। उसे आरोपी शिक्षक शफ़ीक़ खान और धर्मेंद्र वर्मा को बचाने की भी कोशिश की जा रही है। उधर पीड़ित छात्र के पिता का कहना है कि मेरे बेटे को इतनी सी बात को लेकर बहुत बुरी तरीके से मारा पीटा गया है और पहले भी तिलक लगाने को लेकर उक्त स्कूल के इस शिक्षक के द्वारा रोक-टोक की गई है।

# भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर पहुँचकर मातृ शक्ति संगठन ने मनाया रक्षा बंधन

## *रक्षा सूत्र बंधवाते वे त सरहद पर तैनात फौजी भाई हुए भावुक..



सिवनी यशोः- मातृशक्ति संगठन रक्षासूत्र बाँधने पहुँचा अमृतसर की अटारी बार्डर जहां क्र्स्न के अधिकारीयों ने संगठन का खुले दिल से स्वागत किया। क्र्स्न अधिकारीयों नें देश के सीमा सुरक्षा बल के बारे में संगठन को विस्तृत जानकारी देते हुए सग्रहालय का भी भ्रमण कराया ।

क्र्स्न अधिकारी रहानुल इस्लाम द्वारा सगठन को विशेष आदर स मान के साथ प्रथम पंक्ति में स्थान दिया तथा बीटिंग रिट्रीट सेरिमनी का शुभारंभ संगठन द्वारा तिरंगा लहराकर किया गया जो संगठन के लिए बड़े गर्व की बात हैं, लैग लोवरिंग सेरेमनी के पश्चात फौजी भाईयों को संगठन द्वारा तिलक वंदन करके रक्षा सूत्र बाँधे गयें, व मिठाई खिलाई गई। इस दौरान फौजी भाई भावुक हुए और कुछ फौजी भाइयों ने बताया कि हम कई सालों से रक्षाबंधन मनाने अपने घर नही गए हैं।

पठानकोट के सि बल गाँव में स्थित शहीद कवलजीत सिंह पोस्ट 0 स्न्छ्ठ्ठ भारत पाकिस्तान बॉर्डर में मातृशक्ति संगठन फौजियों को रक्षा सूत्र बांधने पहुँचा। जहां सैन्य अधिकारियों के साथ क्ष्ट्ठ ॥ष्न्ह्ढ्ढञ्ञ्ड्ड के फाउंडर गोल्डन वीजा व गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक श्री जोगिंदर सिंह सलारिया व शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के संस्थापक कुँवर रविन्द्र सिंह जी के द्वारा संगठन की भव्य अगुवाई की गई।

यहाँ स्थित कमलजीत सिंह जी की पोस्ट भाई बहन के प्रेम का जीवंत उदाहरण है जब कमलजीत सिंह शहीद हुए तब उनकी बहन की आयु मात्र 3 वर्ष थी , उस 3 वर्ष की आयु से आज तक उस पोस्ट पर रक्षासूत्र बाँधने की पर परा चली आ रही है इसी पर परा को आगे बढ़ाते हुए संगठन द्वारा शहीद कमलजीत सिंह जी की समाधि पर रक्षासूत्र बांधा गया। तत्पश्चात आर्मी एवं क्र्स्न की साझा पोस्ट पर रक्षाबन्धन मनाया गया। इस दौरान बार्डर पर चलाये गये गीत ÷भैया मेरे राखी के बँधन को निभाना÷ ने सबकी आँखे नम कर दी । कर्नल सुनील मिश्रा एवं फौजी भाईयों ने उपहार में हम बहनों को दिया वचन की ÷देश की सुरक्षा में दे देंगे हम जानोतन।

रक्षाबंधन के पावन कारवाँ को आगे बढ़ाते हुए मातृशक्ति संगठन अपने दल बल के साथ करतारपुर- बार्डर पहुँचा। इस बार्डर पर भी फौजीयो के द्वारा संगठन का भव्य स्वागत किया गया। यहाँ एक ओर सुख का अनुभव हुआ कि फौजी भाईयों के साथ सीमा प्रहरी बहनों ने भी संगठन का स्वागत किया स्वागत के दौरान मेजर एस.एस. गरछा मातृशक्तियों की हौसला अफजाई की गई , तत्पश्चात मातृशक्तियों द्वारा कि सभी फौजी भाईयों कों तिलक वंदन कर रक्षा सूत्र बाँधा गया। साथ ही सीमा प्रहरी बहनो द्वारा यूथ विंग युवाओं को रक्षा सूत्र बाँधा गया। इस दौरान देश भक्ति की भावनाओं का ऐसा समा बाधाँ कि फौजी भाईयों और संगठन के बीच देशभक्ति के लयबद्ध छन्दों का गर्मजोशी से आदान-प्रदान किया गया। मेजर एस. एस. गरछा द्वारा संगठन को स्नेहिल उपहार दिया गया। संगठन अपनी पर परानुसार सरहदों की उस माटी को अपने साथ सस मान सजोंकर लाया है जिस माटी को हमारे देश के रक्षकों ने अपने लहू से सींचा है ।

संगठन की इस गौरवशाली यात्रा की वापसी के अवसर पर 110 वर्षीय फौजी ठाकुर सूरज सिंह सलारिया जी ने तिरँगा भेंट कर संगठन का स मान किया। सैन्य अधिकारीयो द्वारा संगठन को सुरक्षा के साथ-साथ सभी विशेष सुविधाएँ दी गई जिसके लिए संगठन अध्यक्ष द्वारा सैन्य अधिकारी एवं जवानों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# कले टर एसपी ने किया महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्रामों का निरीक्षण



सिवनी यशोः-/आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री आरके सिंह ने कुरई विकासखंड क्षेत्र के महाराष्ट्र एवं बालाघाट जिलें के सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण किया। कले टर श्री सिंघल एवं एसपी श्री सिंह द्वारा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्थाओं के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न क्षेत्रों को निर्वाचन अवधि में जांच चौकी बनाने के लिए चिन्हांकित भी किया। इस दौरान कले टर एवं एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयोग के निर्देशानुसार 11 सितंबर तक चलने वाले मतदाता सूची की पुनरीक्षण कार्य के संबंध में सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण शुद्धता से किया जाए, मतदाता सूची में नाम जोड़ने,हटाने एवं संशोधित करने के लिए आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए ।

# संभागीय टेबल टेनिस में सिवनी का दबदबा

## 17 से 19 सितंबर तक इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग करेगे प्रतिनिधित्व




बरघाट यशोः- बरघाट शालेय संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन महर्षि विद्या मंदिर जबलपुर में किया गया था, जिसमें 14 वर्ष, 17 वर्ष ,19 वर्ष के बालक बालिकाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी ,जिसमें सिवनी जिले से खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए सभी छः वर्गों में फाइनल तक का स्थान सुनिश्चित किया, बालिका वर्ग में तीनों आयु वर्ग में संघर्षपूर्ण मुकाबले में सिवनी के खिलाड़ियों को जबलपुर के बालिकाओं ने पराजित कर दिया पर संभागीय दल में पायल मालवीय ,काजल भलावी, तमन्ना और नम्रता ने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया, टीम के कोच संदीप मिश्रा ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी बरघाट में उनसे इस खेल की बारीकियां सिखाते हैं जिसके चलते आज मध्यप्रदेश में जिले के नाम को इस खेल के अंदर स मान से लिया जाता है उल्लेखनीय है कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय धारना कलां में संदीप मिश्रा खेल शिक्षक के तौर में पदस्थ हैं, वे स्वयं वेटरंस टेबल टेनिस में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके है, छात्रों की सफलता के विषय में उन्होंने बताया कि बालक वर्ग में संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग में वैभव श्रीवास एवं आदर्श सूर्यवंशी ने अपराजित रहते हुए सिवनी जिले को विजेता बनने का गौरव दिया, फाइनल में उन्होंने जबलपुर को पराजित किया, एवं इसी तरह 19 वर्ष बालक में तीतिछ बेलिया व आदेश पाठक ने एक तरफ विजय अर्जित करते हुए सेमीफाइनल में जबलपुर व फाइनल में कटनी को पराजित करके विजेता बनने का गौरव हासिल किया वहीं बालक वर्ग के 17 वर्ष में संभागीय टीम में प्रथम स्थान संकेत गजभिए ने प्राप्त किया वह टीम में देवेश बट्टी भी स्थान बनाने में सफल रहे इस तरह बालक वर्ग के सभी आयु वर्ग में जिले के खिलाड़ियों ने सभी प्रथम व द्वितीय स्थान पर अपना कब्जा कर लिया, यह संभागीय प्रतियोगिता में पहली बार हुआ है की बालक वर्ग के सभी सर्वोच्च स्थान पर जिले के खिलाड़ियों का कब्जा रहा एवं सात जिलों के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले सभी खिलाड़ी अपराजित ही रहे, यह सभी चयनित खिलाड़ी 15 सितंबर से 19 सितंबर तक इंदौर में आयोजित साले राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने सर्वोत्तम खेल का प्रदर्शन करेंगे टेबल टेनिस के क्षेत्र पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष दिनेश राय मुनमुन, जिला शिक्षा अधिकारी के के पटेल ,जिला कीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस एवं सभी खेल प्रेमी नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

# नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन संबंधी दावा आपत्ति 11 सितंबर तक किए जाऐंगे प्राप्त

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष सार पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। जिसके अनुसार एकीकृत प्रारूप नामावली यथा निर्धारित 02 अगस्त, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक नियत की गई थी। निर्वाचक आयोग द्वारा 01.10.2023 की अर्हक तिथि के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के चल रहे विशेष सार पुनरीक्षण के लिये मध्यप्रदेश राज्य में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि बढ़ाकर 11 सितंबर 2023 (सोमवार) कर दी गई है। अतः नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिये फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 दावा आपत्ति 11 सित बर तक प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही ऐसे युवा जो 01 अे टूबर 2023 तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वह भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये फार्म 6 में आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिये 11 सितंबर, 2023 तक प्राप्त हुए आवेदनों (दावे आपत्तियों) का निराकरण 28 सितंबर, 2023 (गुरुवार) तक किया जायेगा। 04 अे टूबर, 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के लिए विशेष द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 11 सित बर, 2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर मतदाताओं से नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए आवेदन प्राप्त करेंगे।

## सामान्य भविष्य निधि अदालत 12 से 14 सित बर तक

सिवनी यशोः- शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी द्वितीय) द्वारा 12 से 14 सित बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन विंध्याचल भवन भोपाल में किया जा रहा है। इस अदालत में शासकीय कर्मियों के लेखा खातों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# `8 सित बर तक साक्षरता सप्ताह अंतर्गत होंगे विविध कार्यक्रम आयोजित

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 8 सित बर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर करने के लिए उल्लास - नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जन-जन साक्षर की भावना से वर्ष 2022 से 2027 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अक्षर साथियों शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, एम.एड, बी.एड, डी.एल.एड आदि के प्रशिक्षणार्थी, समुदाय के सदस्यों आंगनवाडी कार्यकर्ता, पंचायती राज संस्थाऐं, अन्य विभागों के स्वासहायता समूह के शिक्षित कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी, नगरपालिका के कार्यकर्ता आदि का सहयोग लिया जाकर सप्ताह अंर्तगत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस दौरान जागरूकता रैलियों का आयोजन, नारे लेखन, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा, संगोष्ठि, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, इसके साथ ही परिवारों का साक्षरता सर्वे किया जाएगा। जिस घर में सभी सदस्य साक्षर होगें, उस घर के बाहर स पूर्ण साक्षर परिवार लिखा जाएगा। इसी प्रकार अक्षर साथियो के घर के बाहर अक्षर साथी निवास लिखा जाएगा। 5 सित बर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों एवं महाविद्यालयो में साक्षरता गीत सहित नाटक एंव अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया संग्राहकों को सामग्री वितरण

## कमजोर वर्ग की सेवा और उत्थान भारतीय जनता पार्टी सरकार का ध्येय- दिनेश राय मुनमुन




सिवनी यशोः- मंगलवार, 29अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से मु यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत संग्राहकों को सामग्री का वितरण किया गया। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम चमारी खुर्द मे प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित उत्तर सिवनी (सामान्य) वन मंडल द्वारा मु यमंत्री चरण पादुका योजना के तहत आयोजित संग्राहकों को सामग्री का वितरण कार्यक्रम विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मु य आतिथ्य मे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मेहताप सिंह पटेल जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री ओम राजपूत जी, डीएफओ वासु कनौजिया जी की गरिमामय उपस्थिति मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मे आपके द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। तदुपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा श्री राय सहित सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा और उत्थान भारतीय जनता पार्टी की श्री शिवराज सिंह चौहान जी की सरकार का ध्येय है। सरकार द्वारा प्रदेश के सभी वर्ग के लोगों को लाभ प्रदान करने के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं बनाकर लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। श्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की मु यमंत्री चरण पादुका योजना से ग्रामीणों को सुविधाऐं मिलेंगी। ऐसे गरीबजन जो नंगे पैर ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते थे जिससे उनके पैरों पर कांटे चुभने व छाले पड़ जाते थे। अब उनको नंगे पैर काम करने से मुक्ति मिलेगी। तथा योजना से प्राप्त होने वाले चप्पल जूते पहनकर बिना किसी भय के आसानी से काम कर सकेंगे। तथा तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले भाई-बहनों को किसी भी मौसम मे जंगल जाने के लिए किसी समस्या का सामना नही करना पड़ेगा। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के मु यमंत्री चरण पादुका योजना के साथ ही वनवासियों के हित मे न केवल तेंदूपत्ता संग्रहण की दर मे वृद्धि की बल्कि उनके कठिन परिश्रम से संग्रहित वनोपज का सही मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदी का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया। इसके पश्चात विधायक *श्री दिनेश राय मुनमुन* जी के करकमलों से प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित चमारी वन परिक्षेत्र छपारा के संग्राहकों को जूते, चप्पल, साडी, बाटल आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री धीरसिंह भलावी जी, ठाकुर रामदयाल सिंह जी, सुनील झारिया जी, प्रहलाद ठाकुर जी जनपद उपाध्यक्ष, शपतलाल सरयाम जी, सतेन्द्र सिंह ठाकुर जी, राकेश सिंह ठाकुर जी, देवीसिंह पटेल जी, एसडीओ मनेन्द्र जयंत जी सहित उत्तर (सामान्य) वन मंडल, सहकारी समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बडी सं या मे संग्राहकों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम टिग्गीटोला (बीसावाडी) निवासी श्री रमेश राय जी की पूज्यनीय माता जी एवं सिवनी निवासी श्री रजत ताम्रकार जी के पूज्यनीय पिताजी तथा ग्राम नंदौरा निवासी श्री प्रदीप पटेल जी की पूज्यनीय माताजी के त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम मे शामिल होकर दिवंगतों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# खींचतान के चलते पार्षदों ने बैठक का किया विरोध




**मामला छपारा नगर परिषद का**

छपारा यशोः- नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ की तानाशाह पूर्ण कार्यप्रणाली के चलते पार्षदों ने मंगलवार 29 अगस्त को होने वाली बैठक का विरोध करते हुए मीटिंग हॉल से बाहर निकल गए।

बताया जाता है कि मंगलवार 29अगस्त के दिन नगर परिषद छपारा का विशेष स मेलन दोपहर 11.30 बजे से रखा गया था, किंतु बैठक का विरोध करने वाले पार्षदों में रामेश्वर बंजारा,सोनल श्रीवात्री, हेमलता सोनी,प्रीति ठाकुर, अंसुईया ऊईके का कहना था कि कार्यालय से 25 अगस्त को पत्र जारी किया गया था जो हमें 26 अगस्त को प्राप्त हुआ,वही उन्होंने बताया कि धारा 56/3 के अंतर्गत नये एजेंडों या प्रस्तावों की सूची बकायदा फाइल करके एक सप्ताह पूर्व देने का नियम है किंतु इसके बाद भी नगर परिषद के जि मेदारों के द्वारा एजेंडा की सूची मात्र 04 दिबस पूर्व दी जाती है, जो की नियम विरूद्ध है।वही नगर परिषद के पार्षदों को कहना है कि पूर्व में परिषद द्वारा जो कार्य कराए गए उनकी जांच हेतु जिला कले टर को आवेदन दिया गया था जिसका कोई नतीजा सामने नहीं आया एवम नगर परिषद अध्यक्ष सीएमओ अपनी मनमानी के चलते विगत दो माह पूर्व भी नगर के विभिन्न वार्डो में बिना किसी तकनीकी जानकारो के नाली निर्माण करवाया गया, वही नगर के मध्य बहने वाले नाले में भी रिटर्निंग वाल बनाई गई इन सभी कार्यो के निर्माण में नियम कानून ताक में रख मनमानी करते हुए बनाया गया जिसका फायदा कम नुकसान ज्यादा देखने में आ रहा है। इन नालियों से पानी कम बहता है भरा हुआ ज्यादा नजर आ रहा है।

वहीं पार्षदों ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि निकाय के वार्ड क्र. 04 तिलक वार्ड में स्थित सिंचाई कॉलोनी स्थित खेल मैदान परिसर में हाईमास्क लगाये जाने एवं खैल मैदान का विस्तारीकरण किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लेना एवम सिंचाई कॉलोनी में स्थित स्थित वैडमिन्टन हॉल के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं 03 फेस विधुत मीटर लगवाये जाने प्रस्ताव इस बैठक में लिए जा रहे थे किंतु उक्त सिंचाई कॉलोनी, सिंचाई विभाग के अंतर्गत आती है जिसका बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए हुए कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। जिसको लेकर सीएमओ श्याम गोपाल भारती से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हमने सिंचाई विभाग से एनओसी ले लिया है किंतु जब एनओसी दिखाने के लिए मीडिया कर्मियों ने बोला तो उन्होंने हीला हवाला करते हुए विषय को बदल दिया।

वही बैठक को निरस्त करने के लिए महिला पार्षदों ने भी निवेदन किया की 30 अगस्त को रक्षा बंधन का त्यौहार है जिसमें सभी पार्षद भाई बहन के पर्वित्र त्यौहार में व्यस्त रहेंगे महिला पार्षदो को अपने मायके भी जाना रहता है साथ साथ पारिवारिक काम होते है अतः पार्षदों ने निवेदन किया की इन सभी कारणो को देखते हुए 29 अगस्त को होने वाली बैठक को निरस्त करते हुए आगामी तिथी में बैठक विधिवत रखी जावे जिसकी जानकारी एक सप्ताह पूर्व नियम से दी जाए।

# स पूर्ण सावन मास अखण्ड रामायण पाठ का हुआ समापन



**हवन पूजन भंडारे के साथ किया गया समापन**

छपारा यशोः- नगर के शिवनगर वार्ड स्थित शनिचरी के सिद्ध पीठ बड़े बगीचा वाले हनुमान मंदिर एवं गौरी शंकर मंदिर बसस्टेंड के पीछे स्थित पूरे सावन मास भर दोनो जगह रामचरित मानस अखंड रामायण का पाठ अनवरत चलता रहा।

बड़े बगीचा हनुमान मंदिर समिति के पुरोहित विजय महाराज द्वारा बताया गया कि विगत सन 2018 से प्रतिवर्ष सावन के महीने में अखंड रामायण का पाठ संपूर्ण माह भर किया जाता है, वही इस वर्ष सावन दो महीने का रहा इसके बाद भी 4जुलाई से प्रारंभ हुए सावन मास से लगातार दो महीने तक अखंड रामायण का पाठ जारी रहा जिसका समापन मंगलवार 29 अगस्त को हवन पूजन एवं अभिषेक पश्चात मंदिर समिती के द्वारा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया जिसका ग्रामवासियो ने पूजन अर्चन करके महाप्रसाद ग्रहण किया । साथ ही सुन्दरकांठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ भी पारायण रामायण समाप्ति पश्चात किया गया जिसमें सभी श्रद्दालु भक्तो का योगदान रहा। जिसका मंदिर समितियों ने आभार माना साथ ही धार्मिक आयोजनों में ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की गई।

## भोपाल से मंडला आ रही बस हुई दुर्घटना का शिकार

मंडला यशोः- लखनादौन-घंसौर (मंडला) राजमार्ग क्रमांक 44 पर हादसा हो गया। बुधवार सुबह करीब 4.30 बजे हुए सहसना बंजारी घाट के पास भोपाल से मंडला जा रही यात्री बस की टक्कर सामने से आ रहे मालवाहक पिकअप वाहन से हो गई। हादसे में पिकअप में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। बस में सवार अन्य यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान पुरषोत्तम पुत्र नत्थू झारिया (34), नरेंद्र पुत्र प्रेमलाल धुर्वे (28) व सत्येंद्र पुत्र मुकेश यादव (34) तीनों समनापुर लखनादौन निवासी शामिल है। न्यू स्टार सर्विस की बस (क्र. एमपी 33 पीवी 9090) में सवार सभी यात्री सुरक्षित है। भीषण सड़क हादसे के बाद बस ड्राइवर, कंडे टर मौके से वाहन छोड़कर मौके से भाग गए, जिनकी तलाश की जा रही है। बस की टक्कर से पिकअप वाहन (क्र0 एमपी 51 एलए 0556) पलटकर दुघर्टनाग्रस्त हो गई। सिर व सीने में गंभीर चोट लगाने के कारण पिकअप सवार तीनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्ट मार्टम कराकर शव स्वजनों को सौंप दिए हैं। हादसे पर बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

**बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी थीं**

बस व पिकअप वाहन की आमने-सामने से टक्कर होने से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची लखनादौन पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप से शव निकालकर पोस्टमार्टम कराया। प्रत्यक्ष दर्षियों के अनुसार भोपाल से मंडला जा रही यात्री बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी थीं।

## दिनभर भद्रा का साया, रात 9 बजे के बाद कलाइयों पर सजी राखियां





मंडला यशोः- इस बार रक्षाबंधन पर भद्राकाल का साया रहा। जिसके चलते दो दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। ब्र हाकुमारी की बहिनों ने पुलिस अधीक्षक, एएसपी के साथ ही जेल में बंदियों को भी रक्षाबंधन किया। वहीं अलग-अलग लोग राखी बांधने के लिए अपने विचार शेयर करते हुए दिखाई दिए। किसी ने सुबह का राखी बांधने का मुहूर्त बताया, तो किसी ने दोपहर काए तो किसी ने शाम काए इसी बीच बहनें उलक्ष गई। जिसके कारण राखी का पावन पर्व दिनभर असमंजस्य में रहा। सड़कों पर ज्यादा चहल पहल दिखाई नहीं दी, लेकिन राखी की दुकानों और मिठाईयों की दुकानों में भीड़ देखने मिली।

जानकारी अनुसार मिठाइयां, ठिठोलियां, नोक-झोंक और असीम प्यार से भरा राखी का त्यौहार सदियों से मनता आ रहा है। सावन के अंतिम दिन भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया और तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाईयों ने बहनों को रक्षा का वचन दिया। दिन भर बाजारों में खूब रौनक रही। मिठाई और राखियों की जमकर बिक्री हुई।

जानकारी के अनुसार तिथि को लेकर असमंजस्य के बावजूद शहर में राखी बांधने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांध और तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। भाईयों ने बहनों को रक्षा वचन देते हुए उपहार भी दिए। छोटे बच्चों और किशोरों में त्योहार को लेकर जबरदस्त उत्साह था। महिलाएं सुबह ही भाईयों के घरों के लिए प्रस्थान करने लगी। सभी अपने संसाधनों से अपने भाईयों के पास पहुंची। वहीं मिठाईयों की दुकानों पर सुबह से ग्राहकों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन समूचे जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर नन्हें भाई बहनों में खासा उत्साह नजर आया। सुबह से ही बच्चे नए कपड़े पहनकर अपनी बहनों से राखी बंधवाने का इंतजार करते रहे। बहनों ने पर परागत तरीके से अपने भाईयों को बड़े ही स्नेह से चौका सजाया उस पर पीढ़ा रखा, जिस पर भाई को बिठाया गया। स्नेह और प्रेम के साथ पहले बहिनों ने भाई के सिर पर रूमाल रखा, तिलक लगाकर राखी बांधी और फिर आरती उतारी। भाईयों ने भी उम्र भर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। ऐसे भाई बहन जो काफी छोटे थे, उनकी माताओं ने राखी बांधने और तिलक लगाने में अपनी बेटियों की मदद की। वहीं 31 अगस्त को भी रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। जिन बहनों ने 30 अगस्त को अपने भाईयों को भद्राकाल के कारण राखी नहीं बांधी थी उन्होंने अगले दिन गुरूवार को अपने भाई की कलाई में रक्षाबंधन किया।

## मतदाता सूची के संबंध में 11 सितंबर तक लिए जाएंगे दावा आपत्ति


मंडला यशोः- मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 किया जा रहा है जिसमें भारत निर्वाचन आयोग ने दावा आपत्ति लिये जाने की तिथि को बढ़ा दिया है। अब दावा आपत्ति 31 अगस्त की जगह 11 सितंबर तक लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के द्वारा दावा आपत्ति लिए जाऐंगे। इसके अलावा ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भारत निर्वाचन आयोग ने दावा आपत्ति के लिए 31 अगस्त की तिथि निर्धारित थी जिसे अब 11 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। जिले के मतदाताओं से अपील की गई है कि 11 सित बर तक मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर दावा आपत्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## निर्वाचन संबंधी अंतर्राज्यीय बैठक संपन्न

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अर्न्तराज्यीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त जबलपुर संभाग ने चुनाव की दृष्टि से अंतर्राज्यीय सीमाओं पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले टर डॉ. सलोनी सिडना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जिला स्तर पर की गई तैयारियों से अवगत कराया। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से संपन्न हुई बैठक में सीमावर्ती राज्यों के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कले टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

## 5 सितंबर को मंडला आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

### प्राचीन राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होने वाली जन आशीर्वाद यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी



मंडला यशोः-भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 5 सितंबर को मंडला आगमन होने जा रहा है। वे मंडला के प्राचीन राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होने वाली जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही गृह मंत्री मंडला में आयोजित जन सभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन और जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठकों का दौर चल रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधियो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा सभाएं और यात्रा मार्ग को तय किया। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 सितंबर को राजराजेश्वरी मंदिर से पारंपरिक पूजा, अनुष्ठान कर जन आशीर्वाद यात्रा का शुभार भ करेंगे। साथ ही वे नगर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर जनता से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद यात्रा ब हनी होते हुए बिछिया विधानसभा पहुंचेगी। बिछिया में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा 6 सितंबर की सुबह डिंडोरी जिले के लिए प्रस्थान करेगी। केंद्रीय मंत्री कुलस्ते ने बताया कि डिंडोरी जिले की डिंडोरी व शहपुरा विधानसभा के बाद 7 सितंबर की सुबह यात्रा एक बार पुनः मंडला जिले के निवास विधानसभा में पहुंचेगी। जहां निवास से नारायणगंज, बीजाडांडी होते हुए यात्रा जबलपुर की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के दौरान जगह-जगह आम सभा और रथ सभा व अन्य आयोजन किए जाएंगे।

## कले टर एवं एसपी ने किया प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण



मंडला यशोः- केन्द्रीय गृहमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मु यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से प्रस्तावित हेलीपेड, सड़क एवं कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, ईईपीआईयू जीपी पटले, ईईपीडब्ल्यूडी शारदा सिंह, एसडीएम मंडला ऋषभ जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नापतौल की कार्यवाही, 7 प्रकरण दर्ज

मंडला यशोः- निरीक्षक नापतौल द्वारा की गई औचक जांच के दौरान अलग-अलग ग्रामों में 7 संस्थानों पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम तथा मध्यप्रदेश विधिक माप विज्ञान अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धी विनायक किराना लोकेश कछ्वाहा ग्राम पुरवा, शुभ ट्रेडर्स विपिन श्रीवास्तव भुआबिछिया, राजेश जंघेला कोसमघाट, मुरलीवाला बेकरी सुदीप केसरवानी देवदरा मंडला, तुसार किराना रागिनी साहू ग्राम कटरा, मोहन किराना मोहन वीरानी फूलसागर एवं राय ट्रेडर्स हार्डवेयर आलोक राय बबैहा पर प्रकरण दर्ज किए गए। आगामी त्यौहारों को देखते हुए औचक जांच निरंतर जारी रहेगी।

## इंद्री में आयोजित हुआ 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम

मंडला यशोः- केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय मंडला द्वारा शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम इंद्री विकासखंड नैनपुर से तिरंगा रैली/जागरूकता का आयोजन किया गया। रैली को अमर शहीद भारत प्रसाद कार्तिकेय की बहू अर्चना कार्तिकेय एवं ग्राम पंचायत सरपंच शिवलाल मरावी, प्राचार्य एम.एल. झरिया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तिरंगा रैली ग्राम इंद्री के विभिन्न स्थानों पर भारत माता एवं अमर शहीदों क्रांतिकारियों की जयकारा लगाते हुए भ्रमण किया, तद्पश्चात मंचीय कार्यक्रम में तब्दील हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अमर शहीद भारत प्रसाद कार्तिकेय के बहू अर्चना कार्तिक को शाल और श्रीफल से स मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दौरान ड्राइंग, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस अमर शहीदों के प्रेरणा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, पौधारोपण आदि का आयोजन कर प्रभावी बनाया गया।

इस अवसर पर मंडला विधायक देवसिंह सैयाम ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' का मु य उद्देश्य लोगों के दिल में वीर सपूतों के प्रति स मान की भावना को जागृत करना है और देश के प्रति जागरूकता को बढावा देना है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पुहुपसिंह भारत एवं प्राचार्य एम.एल. झरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का आयोजन एसके साहू प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार-मण्डला के द्वारा मेरी माटी मेरी देश विषय पर प्रकाश डालते हुए संपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## 12 सित बर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में 1 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को खिलाई जायेगी कृमि की गोली

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है। समस्त विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्र के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर, किशोरियों को एल्वेंडाजोल 400 एमजी की गोली का सेवन कराया जाता है। वर्ष 2023 में मास डिवारविंग के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 12 सित बर 2023 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं 15 सित बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम, प्राइवेट शालाएं, प्राइवेट अनुदान प्राप्त शालाएं, केन्द्र शासित शालाओं, मदरसों, स्थानीय निकाय की शालाओं आंगनवाडी केन्द्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत संचालित चाईल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय बच्चों का कृमि नाशन किया जावेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी दी कि बच्चों में कृमि संक्रमण, व्यक्तिगत अस्वच्छता तथा संक्रमित दूषित मिट्टी के स पर्क से संभावित होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों का जहां एक ओर शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। वहीं दूसरी उनमें खून की कमी व पोषण स्तर पर दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। 1 से 19 वर्षीय बच्चों का कृमि नाशन करना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित एक साक्ष्य आधारित सकारात्मक रणनीति है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन्हीं की निगरानी में एल्वेंडाजोल की गोली खिलाई जाऐगी।

सफल क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जायेगा। आदिमजाति कल्याण विभाग, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग आदि का सहयोग रहेगा। साथ ही डेवलपमेंट पार्टनर संस्था-एविडेन्स ऐ शन, यूनिसेफ न्यूट्रिशन इंटरनेशनल आदि सहयोगी एजेन्सी रहेंगे। शालाओं/आंगनवाडी केन्द्रों में शिक्षकों तथा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की निगरानी में विभिन्न हितग्राही वर्ग को एल्बेंडाजोल गोली का सेवन कराया जायेगा जिसमें 1 से 2 आयुवर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की आधी गोली चूरा करके पानी के साथ पिलाया जाएगा। इसी प्रकार 2 से 3 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चूरा करके पानी के साथ पिलाया जाएगा तथा 3 से 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली पानी के साथ दी जाएगी।

## महिलाओं ने मेहंदी लगाकर की नैतिक मतदान की अपील

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले में मतदाता जागरूकता के संबंध में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, स्वीप गतिविधियों के इसी क्रम में मंडला विकासखंड की अलग-अलग पंचायतों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। मंगलवार को समूह की महिलाओं ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर हाथों में मतदान के संबंध में स्लोगन तथा मतदान संकल्प की मेहंदी लगाकर नैतिक मतदान की अपील की। 'मेरा वोट मेरा अधिकार', 'युवाओं के तीन ही काम सेवा, शिक्षा और मतदान', 'सभी करें नैतिक मतदान लोकतंत्र का पर्व महान' आदि स्लोगन हथेलियों पर लिखकर स्व-सहायता समूह की बहनों ने ग्रामजनों से विधानसभा 2023 में मतदान अवश्य करने की अपील की। हैं।

## स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

मंडला। स्वीप गतिविधियों के 5 दिवसीय कार्यक्रम के क्रम में शासकीय स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। विगत दिवस शासकीय जगन्नाथ चौधरी कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

## आमसूचना

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की पुत्री कु. अनीषा आर्मो पिता हेम सिंह आर्मो जाति गौड़ तथा जाति गौड़ के स्कूल से संबंधित दस्तावेजों, अंकसूची, दाखिल खारिज व अन्य दस्तावेजों में अनीषा पिता स्व. अंत लाल लिखा गया है जो कि पूर्णतः गलत है मेरे पक्षकार की पुत्री का वास्तविक व सही नाम कु. अनीषा आर्मो पिता हेम सिंह आर्मो जाति गौड़ है जो कि सत्य व सही है तथा उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।**

**मंडला**

**अधिवक्ता शक्ति विश्वकर्मा**

## पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका अनादिकाल से रही है - विश्वास सारंग

### आईएफडब्लूजे का एक दिवसीय राज्य स्तरीय स मेलन भोपाल में संपन्न

सिवनी यशोः- पत्रकारों की भूमिका अनादिकाल से रही है द्य लोकतंत्र में पत्रकार चौथा स्तंभ कहलाता है । इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट मध्य प्रदेश ईकाई के इस भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पधारकर मैं धन्य हो गया हूं द्य मैं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश निगम सहित संगठन के सभी साथियों को बधाई देते हुए सभी को आश्वस्त करता हूं कि आपकी हर समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास करूंगा। उक्ताशय के उदगार चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने आई एफ डब्लू जे के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों एवं अतिथियों के बीच व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मा- सरस्वती की पूजन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले कृषि मंत्री कमल पटेल किसी कारण वंश कार्यक्रम में उपस्थित तो नहीं हो पाये, लेकिन उन्होंने फोन के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पत्रकारों को इस विशेष कार्यक्रम की बधाई देते हुए अपनी अनुपस्थिती पर माफी मांगते हुए संगठन को हमेशा हर संभव सहयोग करने का विश्वास दिलाया।वहीं द् हिन्दू के प्रदेश प्रमुख ललित शास्त्री ने पत्रकारों को




संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को सच की पड़ताल करके सच्चाई आम जनता के सामने लाना चाहिए वर्तमान पत्रकारिता के गिरते स्तर के बारे विस्तार से समझाते हुए अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सच्ची पत्रकारिता में समझौता नहीं होना चाहिए भले ही प्रताड़ित ` यों ना होना पड़े।

पत्रकारों के हितार्थ महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द चौरसिया ने कहा जब पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्त भ है तो सरकार को टोल टै स पर विशेष छूट सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना चाहिए। सरकार सभी खैरात में फ्री बांट रही है और आईना दिखाने वाला पत्रकार सरकारी सुविधाओं से वंचित है। सिवनी ईकाई से कार्यक्रम में स मिलित हुए वरिष्ठ पत्रकार व संरक्षक सदस्य संजय सिंह ने 22जिले से पधारे पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में प्रेस ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।हमें बिना डरे बेझिझक खबरें लिखनी चाहिए चाहे वह सत्ता के पक्ष में हो या विपक्ष में द्य बिना डर के कलम चलाने वाला ही पत्रकार होता है।

सिवनी ईकाई के जिलाअध्यक्ष अवधेश तिवारी ने स मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का गठन 28अे टूबर 1950 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर में हुआ था तब से ही यह संगठन पत्रकारों के हर संघर्ष में आगे खड़ा रहता है। तिवारी नें कहा कि मीडिया का स्वरुप पहले की अपेक्षा काफी बदल गया है द्य वरिष्ठ पत्रकार ललित शास्त्री जी के विचारों व अनुभवों को साझा करते हुए सच्ची पत्रकारिता की बात को वास्तव में नये दौर के पत्रकारों के लिए गीता के ज्ञान जैसी साबित होना बताया।

प्रदेश अध्यक्ष दिनेश निगम ने स मेलन के पत्रकारों सहित अन्य सामाजिक संगठनों से खचाखच भरे हाल को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों के हितार्थ सदेव संघर्ष शील रहा है हमनें 27 जिलो में अपने संगठन का गठन किया है ।संगठन की मजबूती के बारे मे विस्तार से बताते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश निगम ने कहा कि हमनें सभी जिले में भले ही ल बी चौड़ी बाडी नहीं बनाई पर ऐसे असली सक्रिय पत्रकारों को संगठन से जोड़ा है कि चार पदाधिकारी चार सौ पर भारी हैं। अतिथियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान पत्रकारों की विभिन्न मांगों पर दिलाते हुए सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की । स मेलन को जिला इकाई सिवनी के उपाध्यक्ष प्रदीप राय पंकज ने भी संबोधित किया द्य

मालवीय नगर विधायक खंड दो के सभागृह में आयोजित इस भव्य स मेलन में जहां अतिथियों का फूल मालाओं और साल मोमेंटम के साथ स्वागत सत्कार किया गया वही 22जिलो से आये जिलाध्यक्षों का भी स मान किया गया। साथ ही संगठन के नीमच जिलाअध्यक्ष की मृत्यु पर दुख प्रगट करते हुए स मेलन समारोह स्थल पर खड़े होकर दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297